तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026

10 नवरात्र की छठ पर श्रद्धालुओं ने की मां कात्यायनी की पूजा

12 तीन दिन की छुट्टी के बाद खुला नागरिक अस्पताल


## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद**। गांव कंडेला से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कंडेला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 मार्च को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लड़की से अश्लील हरकत तीन पर मामला दर्ज

**जींद**। नवदीप स्टेडियम के निकट लड़की से अशील हरकत करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 18 मार्च को उसकी नाबालिग लड़की स्कूल से घर की तरफ लौट रही थी। स्टेडियम के निकट ढाकल रोड निवासी रवि तथा दो अन्य ने उसके साथ अशील हरकत की। विरोध करने पर आरोपितों ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### पत्नी की हत्या के मामले में पति किया गिरफ्तार

**जींद**। गांव बागडू कलां में अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद फरार चल रहे आरोपित पति सुरेश को सदर थाना सफीदों पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को अदालत में पेश किया। जहां से उसे अदालत ने रिमांड पर भेजने के निर्देश दिए। पुलिस आरोपित से रिमांड के दौरान हत्या में प्रयोग किए तेजधार हथियार को बरामद करेगी। सफीदों सदर थाना पुलिस में सोनीपत जिले के गांव तैवड़ी निवासी मुकेश ने बताया कि उसकी मौसी सुनीता की 15 साल पहले बागडू निवासी सुरेश कुमार के साथ शादी हुई थी। उसकी मौसी को कोई बच्चा नही था। दो मार्च को सुरेश कुमार दूसरी शादी करके एक अन्य महिला को घर ले आया। इसी बात को लेकर दोनों कई दिन से विवाद चल रहा था। मुकेश ने आरोप लगाए कि इस झगड़े में सुरेश कुमार ने उसकी मौसी सुनीता पर तेजधार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### कलायत से तीन बच्चों की मां हुई लापता

**कैथल**। कलायत थाना क्षेत्र से तीन कबच्चों की मां करीब 40 वर्षीय विवाहिता लापता हो गई। वह घर से शाम को पशु बाड़े में जाने की बात कह कर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश भी की लेकिन महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इस संबंध में महिला के पति ने पुलिस को शिकायत दी है। महिला के पति ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो बेटे और एक बेटी है। उसकी करीब 40 वर्षीय पत्नी घर से यह कहकर चली गई कि वह पशु बाड़े की ओर जा रही है। जल्द ही वापस लौट आएगी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आई। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की और पशुबाड़े में जाकर ढूंढा, तो वहां नहीं मिली।

### मारपीट मामले में आरोपी काबू

**कैथल**। पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार द्वारा वर्ष 2024 दौरान मारपीट करने के मामले में उद्घोषित अपराधी गांव खेड़ी सिबलवाली निवासी आरोपी गुरमीत उर्फ अमित को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 10 मई 2024 को बस अड्डा किठाना पर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट कर चोट मारने व गाड़ी के शीशे तोड़ने का आरोप है। जिस बारे थाना राजोंद में मामला दर्ज है।

## गैस एजेंसियों को देनी होगी बुकिंग और वितरण की जानकारी

# अफवाहों से नहीं घबराएं, आवश्यकता अनुसार ही लें घरेलू गैस सिलेंडर: डीसी

**उपभोक्ता को नियमानुसार निर्धारित अंतराल में नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जींद जिले की गैस एजेंसियों को अब गैस सिलेंडर बुकिंग और वितरण की जानकारी सांझा करनी होगी। इसको लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए हैं। डीसी ने स्पष्ट किया है कि वह जिले में प्रतिदिन कितने गैस सिलेंडर बुक एवं कितने वितरित किए जा रहे हैं। इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें ताकि पारदर्शिता बनी रहे और जनता को सही जानकारी मिल सके।

### गैस की नहीं कोई कमी : डीसी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। प्रत्येक ग्रामीण और शहरी पात्र उपभोक्ता को नियमानुसार निर्धारित अंतराल में नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में गैस सिलेंडर का अनावश्यक भंडारण न करें। आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर लें ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।


जींद। गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के आगे लगी लाइन।

### आमजन के सहयोग से बनेगी व्यवस्था मजबूत

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आमजन के सहयोग से ही रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी निभाते हुए अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन का सहयोग करें।

### कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई निगरानी बढ़ाई गई: आर्य

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने बताया कि यदि किसी भी स्तर पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत सामने आती है तो विभाग द्वारा तत्काल छापेमारी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपको कहीं भी गैस सिलेंडर होगी कालाबाजारी करने की सूचना मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें साथ ही उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 18001802087 पर समस्या दर्ज करा सकते हैं।

### कालाबाजारी रोकने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने बताया कि एलपीजी गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी व अनाधिकृत रोकने के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी एवं निरीक्षकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि एएफएसओ अजय सिंह मोबाइल नम्बर 8708858401 को जींद तथा जुलाना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उचाना तथा नरवाना के लिए राकेश कुमार एएफएसओ मोबाइल नंबर 9812530262, सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा के लिए मोहित एएफएसओ मोबाइल नम्बर 8708673767 तथा निरीक्षण खाद्य एवं पूर्ति अलेवा सुरेंद्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### शादियों के लिए व्यवसायिक सिलेंडर का कोटा तय

जिला जींद में भारत गैस व एचपी गैस द्वारा जिला प्रशासन को तय कोटे अनुसार 80 व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति विवाह शादियों के लिए की गई थी। जिसे नियमानुसार आवेदनकर्ताओं को गैस सिलेंडर देने बारे संबंधित गैस एजेंसियों को निर्देश जारी किये गए। जिसके लिए जिला जींद में अजय कुमार एएफएसओ को बतौर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसकी देखरेख में सिलेंडर का वितरण किया जाएगा।

### घंटों तक लाइन में लगने के बावजूद नहीं मिल रहे गैस सिलेंडर



**राजौंद**। क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत थमने का नाम नहीं ले रही। हालात यह हैं कि गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों को सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी कई लोगों को खाली हाथ ही लौटना पड़ता है। गांव व कस्बे के लोगों का कहना है कि गैस की सप्लाई अनियमित हो गई है। जब भी गैस की गाड़ी आती है तो कुछ ही समय में सिलेंडर खत्म हो जाते हैं। ऐसे में जिन लोगों का नंबर पीछे होता है, उन्हें निराशा हाथ लगती है। कई बार तो महिलाएं और बुजुर्ग घंटों धूप में खड़े रहने के बावजूद गैस नहीं ले पाते।स्थानीय लोगों ने बताया कि गैस एजेंसियों पर भीड़ का दबाव इतना बढ़ गया है कि स्थिति संभालना मुश्किल हो रहा है। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि गैस वितरण में पारदर्शिता की कमी है, जिससे आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### जिले में गैस सिलेंडरों की लगातार निगरानी किसी प्रकार की कमी नहीं : डीसी अपराजिता

**कैथल**। जिले में गैस सिलेंडरों की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। डीसी अपराजिता ने जानकारी देते हुए बताया कि मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, इसलिए लोगों को किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। वे अपना समय आने पर ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाएं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा गठित टीमें जिले में लगातार फील्ड में सक्रिय हैं, जो सभी गैस एजेंसियों पर निगरानी रखे हुए हैं। जिले में वर्तमान मांग के मुकाबले अधिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के माध्यम से प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है।

### जिले में है भरपूर एलपीजी गैस सिलेंडर



**कैथल**। जिला कैथल भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी ने एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। नागरिकों को किसी भी प्रकार की अफवाह या पैनिक में आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एलपीजी से जुड़ी किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा में एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध उपयोग के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 8 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें 52 आरोपियों की संलिप्तता सामने आई है तथा 825 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। ज्योति सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की सुविधा और सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## जिले में 20 दिन के इंतजार के बाद शुरू हुई कमर्शियल सिलेंडरों की डिलीवरी


कैथल। शहर में वितरित किए जा रहे गैस सिलेंडर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

जिले में गैस की कमी के बीच 20 दिन के इंतजार के बाद मंगलवार को कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की डिलीवरी दोबारा शुरू हो गई है। हालांकि पहले दिन बुधवार को 6 सिलेंडर ही वितरित किए। यह केवल शादी समारोह से जुड़े लोगों को प्राथमिकता के आधार पर दिए गए। गौरतलब है कि जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद डीएफएससी कार्यालय द्वारा सीमित संख्या में सिलेंडर जारी करने की अनुमति दी है। इसमें डीएफएससी कार्यालय के माध्यम से सीधा गैस कंपनी के पास प्रार्थना पत्र जाते हैं। इसके बाद एजेंसी को सिलेंडर की सप्लाई दी जाती और एजेंसी आगे यह वितरण करती है। इधर, अभी आम व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को राहत नहीं मिल पाई है। विभाग के आदेशों के तहत फिलहाल जिन लोगों के यहां पहले से शादी समारोह तय हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। वहीं, जिले की सभी 20 गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। मंगलवार सुबह तक 5087 सिलेंडर स्टॉक में थे, जबकि दिन के दौरान 4366 नए सिलेंडर प्राप्त हुए। कुल 5891 सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए, जिसके बाद भी 3562 सिलेंडर शेष हैं। इसके अलावा जिले के 10 हजार 735 पीएनजी उपभोक्ताओं को भी नियमित रूप से गैस आपूर्ति की जा रही है।

### घरेलू सिलेंडर के लिए लग रही लाइन

गैस एजेंसियों पर बुकिंग और सिलेंडर लेने के लिए लगने वाली उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लग रही हैं। एजेंसियों के बाहर अलसुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है। कई लोगों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद बुकिंग या सिलेंडर नहीं मिल पा रहा।

### शिक्षण, स्वास्थ्य संस्थान के लिए दी जा रही प्राथमिकता

जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार से कमर्शियल सिलेंडर देने शुरू कर दिए हैं। सरकार के आदेशों के तहत कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में शिक्षण, स्वास्थ्य संस्थान व शादी समारोह के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यालय में आवेदन मिलने के बाद सीधा गैस कंपनी को आवेदन दिए जाते हैं। जल्द ही कैटरिंग सहित अन्य व्यवसायों से जुड़े लोगों को भी कॉमर्शियल सिलेंडरों की अनुमति मिल सकती है।

### सिलेंडर न मिलने से कामकाज प्रभावित

पिछले 20 दिनों से कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद रहने के कारण चाय की दुकानें, हलवाई और छोटे खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोग काफी परेशान रहे। कई दुकानदारों को या तो काम सीमित करना पड़ा या फिर वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा, जिससे उनकी आय पर भी असर पड़ा।

## गली निर्माण अधूरा, नवरात्रों में श्रद्धालु परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौंद

- वार्ड 8 में लोगों का फूटा गुस्सा

शहर के वार्ड नंबर 8 स्थित दुर्गा मंदिर को जाने वाली गली का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा होने के कारण स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि बार-बार प्रशासन को शिकायत देने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे लोगों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह गली पिछले लगभग तीन वर्षों से अधूरी पड़ी है। कई बार अधिकारियों और संबंधित विभाग को अवगत कराने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो जाती है, लेकिन गली की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।श्रद्धालुओं का कहना है कि सुबह करीब 4 बजे से ही लोग मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगते हैं, लेकिन टूटी-फूटी और अधूरी गली के कारण उन्हें कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। विशेष रूप से बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है, जहां पानी भर जाने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। वार्ड के लोगों ने बताया कि गली का निर्माण कार्य शुरू तो किया गया था, लेकिन बीच में ही छोड़ दिया गया, जिसके चलते समस्या और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस लापरवाही के कारण उन्हें रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं धार्मिक आयोजनों के दौरान यह परेशानी और भी गंभीर रूप ले लेती है।


राजौंद। गली में भरी गंदगी।

## जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन


जींद। जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए।

- जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की मांग

**जींद**। जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति द्वारा मंगलवार को सब्जी मंडी में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून को लागू करें। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सोनी ने कहा कि मांग को लेकर जंतर-मंतर दिल्ली में प्रदर्शन चालू है। जिसको लोगों का खूब समर्थन मिल रहा है। समिति पिछले पांच सालों से जनसंख्या नियंत्रण पूरे देश में जिलेवाइज प्रदर्शन कर रही है। उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा। जब तक सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू नही करती। इस मौके पर समिति के राष्ट्रिय संयोजक रौनक गिरि महाराज, राष्ट्रीय महासचिव नरेश तंवर आदि मौजूद रहे।

## ड्यूटी से गैरहाजिर सफाई कर्मचारी किया निलंबित

- पिछले 10 दिनों से लापता चल रहा था कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौंद

नगर पालिका प्रशासन ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले एक सफाई कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई सफाई निरीक्षक एसआई प्रदीप कुमार की अनुशंसा पर की गई। जानकारी के अनुसार,सफाई कर्मचारी बंटी बिना किसी पूर्व सूचना के अपनी ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर पाया गया।

इतना ही नहीं, हाल ही में मुख्य मंत्री आदित्य योगी नाथ के गांव सौंगल आगमन के दौरान भी वह अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं था, जबकि उस समय सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए थे। निरीक्षक प्रदीप कुमार के अनुसार उक्त सफाई कर्मचारी पिछले 10 दिनों से लापता चल रहा है नगर पालिका कार्यालय में सफाई कर्मचारियों की भारी कमी है परंतु कर्मचारी अपने कार्य से लापरवाही बरत रहा था। जिस कारण उक्त कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है।

नगर पालिका प्रशासन ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच की। जांच में बंटी की अनुपस्थिति को अनुशासनहीनता मानते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने कहा कि ड्यूटी के प्रति लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, खासकर जब कोई महत्वपूर्ण कार्यक्रम या वीआईपी दौरा हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि अन्य कर्मचारियों में भी जिम्मेदारी और अनुशासन बना रहे।


राजौंद। जानकारी देते हुए नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा

## अधिकारियों के बैठक में न आने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश

# नेशनल हाईवे पर फलफूल रही अवैध दुकानदारी, हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

लघु सचिवालय में मंगलवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी तथा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत में कमेटी के सभी सदस्यों की हाजिरी ली गई। जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन को बार-बार अनुपस्थित रहने व रोड सेफ्टी कमेटी के एजेंडों को गंभीरता से न लेने के मामले को गंभीरता से लेते हुए बैठक में उपस्थित एसडीओ को बाहर का रास्ता दिखा दिया और सरकार एवं पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों को इसकी शिकायत भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा वन विभाग के डीएफओ, रोडवेज के जीएम, मार्केटिंग बोर्ड के एक्सईएन, स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ भी मीटिंग से अनुपस्थित रही और सबको कारण बताओ नोटिस जारी करने और कड़ी करवाई करने की बात कही और भविष्य में सबकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।



### नेशनल हाइवे पर फल फूल रही अवैध दुकानदारी

जींद जिले में नैशनल हाइवे पर अवैध दुकानदारी फल फूल रही है। नियमों को ताक पर रख कर कुछ दुकानदारों ने अस्थायी छप्पर लगाकर हाइवे तक दुकान बनाए हुए हैं। कई जगह तो स्थिति यह है कि वाहनों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नेशनल हाईवे ऑफ अथारिटी आंख बंद किए हुए बैठी है। हालांकि सड़क सुरक्षा की मीटिंग में हर बार अवैध कट और अवैध दुकानदारी हटाने का मामला उठता है लेकिन नेशनल हाईवे ऑफ अथारिटी के अधिकारी मीटिंग से जाने के बाद शायद सब भूल जाते हैं। अधिकारियों की अनदेखी सीधे-सीधे सड़क सुरक्षा की अनदेखी है। सबसे ज्यादा दिक्कत नए बस अड्डे के आसपास है। लिंक मार्ग पर जाने वाले रास्तों पर जगह-जगह अवैध दुकानदारी चल रही है। मंगलवार को रोड सेफ्टी की मीटिंग में डीसी ने कई अनेक मामलों पर अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। यदि कहीं भी सड़क में कोई गड्ढा हो तो, जिसके कारण आवागमन करने वाले व्यक्ति को परेशानी होती है। संबंधित विभाग तुरंत मौके पर जाकर उसे दुरूस्त करना सुनिश्चित करें ताकि किसी को कोई परेशानी नही हो। डीसी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में यदि कोई सड़क दुर्घटना होती है तो वे अपनी अध्यक्षता में गठित समिति के साथ तुरंत मौके पर पहुंच कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाएं और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय ओवरस्पीड न करें, नशे की हालत में ड्राइविंग से बचें और दोपहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़कों के मोड़ों पर ऑटो रेहड़ी या अन्य वाहन खड़े न हो ताकि यातायात बाधित नहीं हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके।

### नियमों की अवहेलना पर सख्ती के निर्देश

डीसी ने नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्ती के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग बिना हेलमेटए ओवर स्पीड तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए चालान किए जाएं। जिन क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की संभावना अधिक रहती है, वहां सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। ताकि दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर समय रहते समाधान किया जा सके। साथ ही सड़कों पर डायवर्जन, स्पीड लिमिट संकेतक, ब्लिंकर, स्पीड ब्रेकर और रोड मार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### अमेरिका भेजने का झांसा दे साढ़े 22 लाख रुपये हड़पे

**जींद**। अमेरीका भेजने का झांसा देकर साढ़े 22 लाख रुपये हडपने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भिड़ताना निवासी अमीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सुभाष के साथ जान पहचान रही है। सुभाष ने बताया कि वह युवकों को विदेश भेजता है। सुभाष के झांसे में आकर उसने साढ़े 22 लाख रुपये दे दिए। बावजूद इसके आरोपित ने उसे अमेरीका नही भेजा। लंबे समय तक वीजा न लगने पर जब उसने आरोपित से रुपये वापस लौटाने को कहा तो आरोपित ने कुछ समय इतजार करने के लिए कहा। बावजूद इसके आरोपित ने उसके रुपये वापस नही लौटाए। जब उसने दबाव डाला तो आरोपित ने रुपये मांगने पर बुरा अंजाम भुगतन की धमकी दी। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अमीर की शिकायत पर सुभाष के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**

### स्वस्थ मन ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला

**जुलाना।** जुलाना के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शमशेर सिंह रहे। कालेज प्राचार्य डा. शमशेर सिंह ने कहा कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं खुलकर सांझा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### बुलेट ट्रेन की स्पीड से हो रहे विकास के कार्य

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि उचाना हलके में निरंतर विकास की रफ्तार भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में बढ़ रही है। बुलेट ट्रेन की स्पीड से उचाना में विकास कार्य हो रहे है। विकसित उचाना का जो सपना उचाना हलके के लोग देख रहे है उस सपने को पूरा करने में विधायक लगे हुए है।

### नरवाना में नए रिहायशी सेक्टर विकसित होंगे

**जींद।** नरवाना शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने जानकारी दी कि शहर के विभिन्न हिस्सों में नए रिहायशी सेक्टर विकसित किए जाने की योजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 2067 एकड़ भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 10 नए सेक्टर बसाए जाएंगे। यह परियोजना नरवाना शहर के साथ-साथ आसपास के राजस्व क्षेत्रों जैसे डूमरखां कलां मोहल खेड़ा आदि को भी कवर करेगी जिससे पूरे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### झगड़े में चार घायल चार पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव शाहपुर में रजिशन हमला कर चार लोगों को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे चिनाई कर रहे थे। राजेश परिवार ने उसे रूकवा दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें उसे, उसकी बहन स्वाति, ज्योति तथा मां को चोटें आई। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

### किसान छात्र एकता संगठन ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में किसान छात्र एकता संगठन द्वारा कुलसचिव डा. सीमा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने हाल ही में छात्र नेताओं पर लगाए गए नशे को बढ़ावा देने जैसे गंभीर आरोपों पर कड़ा विरोध जताया। कार्यकारिणी प्रधान गोविंद सैनी ने कहा कि वे दो हफ्ते पहले हॉस्टल की समस्याओं को लेकर पूर्व रजिस्ट्रार डॉ राजेश बंसल परीक्षा नियंत्रक के पास गए थे लेकिन समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन पर बेबुनियाद और निराधार आरोप लगाए गए, जो पूरी तरह असत्य हैं और छात्र आंदोलन की छवि को धूमिल करने का प्रयास हैं।

## करूणा, वात्सल्य व आनंद का भंडार है मां वैष्णो : आचार्य पवन शर्मा

# नवरात्र की छठ पर श्रद्धालुओं ने की मां कात्यायनी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवरात्र की छठ पर श्रद्धालुओं ने मंगलवार को मां कात्यायनी की पूजा की। वहीं श्री सोमनाथ मंशा देवी मंदिर में नवरात्र की छठ पर मेले का आयोजन किया गया। इससे पहले भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में मां भगवती की पूजा अर्चना की। मंदिर की प्रबंधक समिति ने मेले को देखते हुए पहले ही पुख्ता इंतजाम कर लिए थे और श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में किसी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं आए, इसी को ध्यान में रखते हुए आने-जाने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। नवरात्रों के छठे दिन श्री सोमनाथ मंशा देवी मंदिर में मेला भरता है। यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालु माता कात्यायनी की पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं।

### आज जयंती देवी मंदिर में लगेगा मेला

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि नवरात्र की सप्तमी पर चैत्र व शारदीय नवरात्र में हर वर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार जयंती देवी मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन किया गया है। श्रद्धालु अल सुबह ही मंदिर परिसर में पहुंच कर मां जयंती की पूजा अराधना करते हैं। मंदिर में नवरात्रों के दिनों के दौरान लगने वाले इस मेले में जींद ही नहीं, देश-प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दिन मंदिर में मां की अर्चना का खास महत्व होने के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मां जयंती के नाम से ही शहर का नाम जींद रखा गया हैं। इसलिए शहरवासियों की कुलदेवी होने के कारण हर वर्ष सप्तमी पर यहां मेला लगता हैं। शास्त्री ने कहा कि मां तक पहुंचने का साधन है श्रद्धा। श्रद्धा वह है जो लाभ-हानि, जय-पराजय, सफलता-असफ लता में अविचल-अटूट-अडिग बनी रहे। अटल विश्वास, अटूट श्रद्धा की शक्ति असीम है।





**जींद।** देवी मंदिर में पूजा करते हुए श्रद्धालु, माता वैष्णवी धाम में हवन में आहुति डालते यज्ञमान।

### संसार में रह कर सब काम करो, पर मन रखो मां के चरणों में: आचार्य पवन शर्मा

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि संसार में रहते हुए सब काम करो। किंतु मन मां के चरणावृंद में पिरोकर रखो। यही सुख, शांति पाने का अमोध उपाय है। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ में सोमवार को हवन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर डा. एमएल गेरा, एडवोकेट आरएस सिंधवानी, नीरज मिगलानी व सारिका गांधी आदि ने सपरिवार भगवती स्कंदमाता की पूजा.अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि कछुआ रहता तो पानी में है, पर उसका मन रहता है किनारे पर जहां उसके अंडे रखे रहते हैं। इसी प्रकार संसार में रह कर संसार का कार्य तो करो किंतु मन मां के चरणों में पिरोकर रखो। मां से विमुख होकर यदि संसार में रहोगे तो दिनोंदिन उलझनों में फंसते चले जाओगे और यहां तक फंस जाओगे कि फिर पिंड छुड़ाना उसी प्रकार से मुश्किल हो जाएगा। जिस प्रकार मकड़ी अपने ही बुने हुए जाल में फंसी रहती है और उसी अवस्था में उसका प्राणांत हो जाता है।

### छठ नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने की मंदिर में पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज. उचाना

छठे नवरात्र पर देवभूमि बनभौरी में माता भ्रामरी शक्तिपीठ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन कमेटी को भीड़ अधिक होने पर व्यवस्था बनाने में पसीने छूटे। रात से ही मंदिर में छठ की पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंचने शुरू हो गए थे। मंदिर पुजारी सतबीर कौशिक, शिव कुमार कौशिक ने छठ नवरात्र की श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि नवरात्र की छठ की पूजा का विशेष महत्व है। नवरात्र में हर नवरात्र का महत्व है लेकिन छठ की पूजा का विशेष महत्व नवरात्र में है। हरियाणा ही नहीं बल्कि पंजाब, यूपी, हिमाचल, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़ के साथ-साथ विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे है। मंदिर में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसको लेकर पुख्ता प्रबंध करने के साथ-साथ मंदिर परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। छठ के नवरात्र पर मंदिर परिसर के साथ-साथ बाहर भीड़ नजर आई। वाहन चालकों को अपने वाहन दूर खड़े करके मंदिर तक आना पड़ा। छठ के मेले पर अलग-अलग स्टॉल पर श्रद्धालुओं ने बच्चों के साथ खरीददारी की।



**जींद।** बैठक को संबोधित करते हुए भारत भूषण।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान से कार्यकर्ताओं का बढ़ रहा मनोबल: भारत भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी के मुआना मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान शिविर का आयोजन गांव मुआना के स्कूल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंडल अध्यक्ष कृष्ण खातला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियों तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग के विषय में प्रशिक्षण प्रदान करना था ताकि कार्यकर्ता समाज के बीच अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। प्रशिक्षण शिविर के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। जिनमें वरिष्ठ वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों और कार्य विस्तार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रथम सत्र में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास और उसकी वैचारिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए डा. राज सैनी ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें।

### भाजपा प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती पर जोर

दूसरे सत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अशोक छाबड़ा मीडिया कॉर्डिनेटर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्षों में विकास और पारदर्शिता के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की गई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की इन उपलब्धियों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। तीसरे सत्र में संगठन के कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भाजपा का संगठन देश के प्रत्येक बूथ तक मजबूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं और उनके परिश्रम व समर्पण के कारण ही पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद बढ़ाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्य पद्धति विषय पर बोलते हुए विजयपाल एडवोकेट ने संगठनात्मक अनुशासन और कार्य शैली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यपद्धति अन्य दलों से अलग है। क्योंकि यहां प्रत्येक कार्यकर्ता को समान महत्व दिया जाता है और सभी मिल कर सामूहिक रूप से संगठन को आगे बढ़ाते हैं।

# पुलिसकर्मियों को सीएम सुरक्षा को लेकर दिए दिशा-निर्देश

- मुख्यमंत्री सुरक्षा, व्यवस्था को और सुदृढ़ एंव चाक-चौबंद बनाए रखें : डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** सीएम सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए डीएसपी कमलदीप।

पुलिस लाइन में मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एंव चाक चौबंद करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा ने की। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं कि बारिकी से जानकारी ओर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाना तथा पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना, किसी भी आपात स्थिति में तुरंत व सटीक प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना रहा। उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा सहित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जींद पुलिस के विभिन्न थाना व यूनिटों से आए अधिकारियों व कर्मचारियों व सीआडी यूनिट जींद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा प्रबंधन, रूट चार्ट की योजना, भीड़ नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, एंट .सैबोटाज चेकिंग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में रेस्पॉन्स को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

# मुख्यमंत्री की रैली से क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और चार अप्रैल को रैली के माध्यम से सफीदों क्षेत्र को भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लाभ मिलेगा। यह रैली हलका सफीदों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। सभी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और मांगों को चिन्हित कर उनकी एक व्यवस्थित सूची तैयार करके उन्हें सौंपें ताकि यह सूची रैली के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके और क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा सके। विधायक रामकुमार गौतम मंगलवार को को विधानसभा के गांवों टीटोखेड़ी, करसिंधु, अंटा, बड़ौद, बसीनी, खातला, भुसलाना, डिडवाड़ा, निम्नाबाद, साहनपुर, सरनाखेड़ी सहित लगभग एक दर्जन गांवों में पहुंच कर गांववासियों से मांग पत्र लिया और आगामी चार अप्रैल को सफीदों की नई अनाजमंडी में मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकास रैली का निमंत्रण दिया। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि सभी के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से यह रैली न केवल सफल होगीए बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा देगी। मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात दी जाएगी।



**जींद।** बैठक को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार गौतम।

### रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान

सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव की व्यवहारिक मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों को रैली स्थल तक लाने की व्यवस्था करें ताकि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक और सफल बन सके। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि प्रदेश में अब रोजगार के अवसर पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराए जा रहे हैं और योग्य उम्मीदवारों को उनकी मेहनत के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कौशिक, बीडीओ जयपाल, चेयरमैन रोहताश शर्मा, चंद्र सैनी, भाजपा युवा जिला उपाध्यक्ष सक्षम भाटिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।




**जींद।** वार्ड नंबर 5 में कालोनी का नामकरण उदघाटन करते हुए सुषमा अत्री।

### भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने वार्ड नंबर पांच की कालोनी, मार्ग का किया नामकरण

**उचाना।** वार्ड नंबर पांच में स्थित कान्हा सेवा सदन में वार्ड पार्षद पंकज करसिंधु द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सुषमा अत्री पहुंची। अध्यक्षता पूर्व पार्षद दर्शना देवी ने की। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल जनहित समिति द्वारा किया गया। माता के छठे नवरात्र पर वार्ड नंबर पांच की कान्हा सेवा सदन के पास वाली कालोनी का नपा द्वारा प्रस्ताव पारित के बाद जय माता कालोनी नामाकरण किया। पुराना अस्पताल रोड का नामकरण जय मां अन्न पूर्णा मार्ग के नाम से किया। यहां पहुंचने पर महिलाओं ने उनका स्वागत किया। उचाना ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उचाना शाखा इंचार्ज बहन सुषमा ने नवरात्र के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। सुषमा अत्री ने कहा कि नवरात्र में माता के नाम से कालोनी, मार्ग का नामकरण करने का सौभाग्य प्राप्त किया। उचाना शहर के विकास में किसी तरह की कोई कोर कसर नहीं रहने दी जाएगी। सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य सुचारू रूप से होंगे।

## नकल रहित परीक्षा करवाना बोर्ड का मुख्य उद्देश्य

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष ने किया जिला के आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी की जांच करते हुए।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं को नकल मुक्त बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर के उडऩदस्ते ने मंगलवार को जिले में निरीक्षण अभियान चलाया। बोर्ड द्वारा आयोजित सीनियर सेकेंडरी के हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने अपनी कर्मठता का परिचय देते हुए जिले के छह महत्वपूर्ण परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष के नेतृत्व वाली इस टीम ने सक्रियता और मुस्तैदी से पूरे जिले के परीक्षा केंद्रों पर हड़कंप मचा दिया। आज के इस विशेष अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडेला रही। कंडेला को बोर्ड द्वारा अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। जहां अक्सर बाहरी हस्तक्षेप की आशंका बनी रहती है लेकिन बोर्ड उपाध्यक्ष के निजी प्रयासों और उनके उडऩदस्ते की अभेद्य घेराबंदी के चलते यहां परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से और बिना किसी नकल के संपन्न हुई। उपाध्यक्ष ने न केवल शहर के पास स्थित स्कूलों, बल्कि जिले के अति दूरदराज क्षेत्रों में स्थित केंद्रों तक पहुंच कर यह संदेश दिया कि बोर्ड की नजर हर केंद्र पर है। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुटानी जैसे नए स्थापित परीक्षा केंद्रों का भी बारीकी से औचक निरीक्षण किया गया।



**जींद।** जांच अभियान चलाए हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के बाजारों में दी दबिश

**जींद।** जनता व इंदिरा बाजार से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों से पांच सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। विभाग ने यह कार्रवाई लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ मिलें, इसलिए की है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद ही विभाग आगामी कार्रवाई करेगा। विभाग की टीम दोपहर बाद शहर के इंदिरा बाजार में पहुंची। यहां से टीम ने कुट्टू आटा के तीन सैंपल लिए। विभाग का मानना है कि इस समय नवरात्र चल रहे हैं। जो श्रद्धालु व्रत रखते हैं, वह कुट्टू का आटा खाते हैं। इसलिए लोगों को शुद्ध व ताजा आटा मिले, इसलिए सैंपल लेकर जांच की गई है। इसके अलावा विभाग की टीम ने जनता बाजार से एक देसी घी का व एक सरसों के तेल का सैंपल लिया।

# जुलाना बिजली निगम कार्यालय में लगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की जुलाना सब डिवीजन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भंडारे से पूर्व विधिवत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत। मंगलवार को जुलाना में आयोजित हवन यज्ञ में बिजली कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार के साथ आहुति डाली। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बिजली निगम के प्रधान संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाना में सुख व शांति और समृद्धि की कामना के लिए हर वर्ष इस प्रकार के भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया जा रहा है।



**जींद।** हवन में आहुति डालते हुए उपमंडल अशोक कुमार व अन्य बिजली कर्मचारी।

## अनाज मंडियों में फसल खरीद को लेकर लागू किए गए नए नियम वापस लेने की मांग

# भाकियू ने किसान समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

- डीसी के ज्ञापन न लेने आने पर जताया रोष
- 27 तक डीसी का तबादला नही हुआ तो करेंगे रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर शिव कालोनी स्थित किसान भवन से लेकर लघु सचिवालय स्थित डीसी कार्यालय तक प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष बिंद्र नंबरदार और जयबीर लौहान राजपूरा भैण ने कहा कि सरकार द्वारा अनाज मंडियों में फसल खरीद के लिए जो नए नियम लागू किए गए हैं, उन्हें व भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को वापस लिए जाने की मांग को लेकर किसान प्रदर्शन करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे थे। किसान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लिखकर शांतिपूर्वक तरीके से लघु सचिवालय परिसर में डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे थे। डीसी किसानों का ज्ञापन लेने नहीं आए। जबकि उन्होंने डीसी को ज्ञापन देने के लिए दो घंटे इंतजार करना पड़ा। फिर भी डीसी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे। ऐसे में किसान नाराज होकर पुराने बस बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और वहां एक कमेटी बनाई। सभी गांव के भारतीय किसान यूनियन के प्रधान व गांव के मौजिज व्यक्तियों की ओर विचार विमर्श किया गया। सभी ने एकमत होकर फैसला लिया कि यदि 27 मार्च तक मुख्यमंत्री द्वारा डीसी का तबादला नहीं किया गया तो किसानों द्वारा ईक्कस गांव में हांसी रोड जाम किया जाएगा। वहीं पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री के विकास रैली के आगमन पर उनका विरोध किया जाएगा।

### नए मंडी नियमों पर किसान यूनियन का विरोध

भारतीय किसान यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार के नए नियमों अनुसार अनाज मंडियों में किसानों द्वारा फसल लाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर नंबर होगा। तभी अनाज मंडी में प्रवेश होगा। जबकि छोटे किसानों के पास ट्रैक्टर नहीं हैं, वे किराए के साधनों या बैल गाड़ी में मंडी तक फसल लाते हैं। नए नियमों अनुसार मंडियों में फसल लाने का समय जो निर्धारित किया है, वह गलत है। क्योंकि किसान ने अगर खेत से रात में फसल काट ली ती उसकी मजबूरी है वह रात को ही फसल लाकर मंडी में डालेगा। नए नियमों अनुसार गेट पास कटवाने के लिए उसी व्यक्ति का होना जिसके नाम फसल रजिस्ट्रेशन है, यह संभव नहीं होगा। क्योंकि फसल रजिस्ट्रेशन अधिकतर बुजर्गों व महिलाओं के नाम पर है। देर, सवेर उन्हें साथ लाना संभव नहीं होगा। पहले की तरह ओटीपी से ही गेट पास काटे जाए।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा ने बनाया किसानों को कर्जमंद

**कैथल।** कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल से एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों और नियत का नतीजा अब देश के किसानों पर "कर्ज का फंदा" बनकर लटक रहा है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के लिए नासूर बनी मोदी सरकार में आज पूरे देश के किसानों पर 32.65 लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका है। यह आंकड़ा खुद मोदी सरकार ने संसद में दिया है। यह कर्ज केवल कमर्शियल बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और ग्रामीण सहकारी बैंकों से लिया गया संगठित क्षेत्र का है।

### गुहला पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव बैठक सात को

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पंचायत समिति गुहला के उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक अहम बैठक बुलाई गई है। इसको लेकर आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति गुहला के 21 सदस्यों ने उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। इसी के चलते सात अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे पंचायत समिति गुहला के सभागार में बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### शिविर में युवाओं ने किया 78 यूनिट रक्तदान

**कलायत।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस कलायत में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कलायत के शहीद नायक पंकज राणा को भी याद किया गया। डा.भीम राव अंबेडकर भवन में युवा शक्ति कल्ब संगठन द्वारा आयोजित शिविर में 78 यूनिट रक्तदान युवाओं द्वारा किया गया। कल्ब का यह दूसरा रक्तदान शिविर रहा। इसमें मुख्य रूप से भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, जिला सचिव अजय प्रताप राणा, युवा समाज सेवी वीरेंद्र राणा, सुरेंद्र गर्ग व दूसरे सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शिरकत की।

### पूंडरी में विकास कार्यों को लेकर की बैठक

**पूंडरी।** पूंडरी शहर में विकास कार्यों को गति देने और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान को लेकर नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी ने अनेक पार्षदों के साथ कैथल प्रभारी अमरपाल राणा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी व वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर से मुलाकात की। इस दौरान शहर के विभिन्न विकास कार्यों, लंबित योजनाओं और नई परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### धूम्रपान व हुक्का पीने पर होगी सख्त कार्रवाई

**कैथल।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत डीसी अपराजिता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एनटीसीपी के प्रभावी क्रियान्वयन और कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों, हुक्का सेवन को बढ़ावा देने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान कर सख्ती से कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

## मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना में जुटे श्रद्धालु

# छठे नवरात्र पर मंदिरों में बढ़ी भीड़

- सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए लोगों का आना-जाना लगा हुआ है, वहीं शाम के समय विशेष रौनक देखने को मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



**राजौंद।** मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु व भजन-कीर्तन करती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

चैत्र नवरात्र के छठे दिन के साथ ही धार्मिक माहौल और अधिक भक्तिमय हो गया है। जैसे-जैसे अष्टमी और नवमी नजदीक आ रही हैं, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए लोगों का आना-जाना लगा हुआ है, वहीं शाम के समय विशेष रौनक देखने को मिल रही है। महिलाओं द्वारा विभिन्न मंदिरों में कीर्तन मंडलियां बनाकर भजन-कीर्तन किए जा रहे हैं। भजनों के माध्यम से मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का गुणगान किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर मां की भक्ति में लीन नजर आते हैं। नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि मां कात्यायनी की उपासना करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रख रहे हैं। खासकर अंतिम दो व्रत (अष्टमी और नवमी) को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है। इन दिनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या अचानक बढ़ जाती है, जिससे कई जगहों पर भीड़ अधिक देखने को मिलती है। मंदिर समितियों द्वारा भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्र का प्रत्येक दिन विशेष महत्व रखता है, लेकिन छठे नवरात्र से भक्तों की आस्था और भी प्रगाढ़ हो जाती है, क्योंकि अब पर्व अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। ऐसे में हर कोई मां दुर्गा का आशीर्वाद पाने के लिए मंदिरों की ओर रुख कर रहा है।



कलायत के प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में रात्रि जागरण की शुरुआत करते मुख्य अतिथि, आयोजक एवं संयोजक

### नवरात्रों के अवसर पर जागरण में झूमे श्रद्धालु

- दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया
- पूरी रात भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**कलायत।** कलायत स्थित श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर के आंगन में महामाई के पावन नवरात्रों के अवसर पर आयोजित विशाल जागरण श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम बन गया। निष्काम सेवा जागरण मंडल की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरी रात भजन-कीर्तन में लीन रहे।

कार्यक्रम की खास आकर्षण रहे मशहूर जागरण गायक वीरभान निर्मल, जिनकी सुरीली और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और मां के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। इसके साथ ही कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक धार्मिक झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। वार्ड 6 पार्षद प्रदीप राणा और श्रद्धालुओं ने ऐसे आयोजनों को संस्कृति और परंपरा के संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कलायत को विश्व पटल पर देवभूमि के रूप से जाना जाता है। धर्म नगरी में इस प्रकार के आयोजन जरूरी है। इसे भारतीय संस्कृति का प्रचार एवं प्रसार होता है।

## भारत की तरक्की के दो मजबूत स्तंभ, निजी क्षेत्र और करदाता



**कैथल।** लोकसभा में बोलते सांसद नवीन जिंदल। *फोटो : हरिभूमि*

- 140 करोड़ भारतीयों के भविष्य को आकार देने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सांसद नवीन जिन्दल ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2026 का जोरदार समर्थन करते हुए इसे एक परिवर्तनकारी और दूरदर्शी रोडमैप बताया, जो 140 करोड़ भारतीयों के भविष्य को आकार देगा। उन्होंने जोर दिया कि भारत की विकास गाथा करदाताओं और निजी क्षेत्र की संयुक्त शक्ति से संचालित हो रही है—और दोनों ही राष्ट्र निर्माण के अपरिहार्य भागीदार हैं।

वित्त विधेयक को केवल एक वित्तीय अभ्यास से कहीं अधिक बताते हुए जिन्दल ने कहा कि यह किसानों को सशक्त बनाने, युवाओं को सक्षम करने, महिलाओं की गरिमा बढ़ाने और दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने के माध्यम से समावेशी और सतत विकास की नींव रखता है। उन्होंने कहा, "यह विधेयक किसी एक पार्टी के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य के लिए है, और इसके लाभ हर नागरिक तक पहुंचेंगे। जिन्दल ने कहा कि यह देश में 80% से अधिक रोजगार और 60% से अधिक जीडीपी में योगदान देता है, साथ ही नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि भारत का आईटी निर्यात 200 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है, फार्मास्युटिकल क्षेत्र 200 से अधिक देशों की सेवा कर रहा है, और देश में आज एक लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने कहा, "निजी क्षेत्र केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत स्तंभ है।" जिन्दल ने करदाताओं के प्रति सोच में बदलाव की भी आवश्यकता बताई और अधिक सम्मानजनक तथा नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की वकालत की। उन्होंने अनुपालन में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि जीएसटी करदाताओं की संख्या 1.5 करोड़ से अधिक हो चुकी है और वित्त वर्ष 2024–25 में सकल जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ से अधिक रहा।



**ढांड।** पूर्व छात्र मिलन समारोह के दौरान कालेज को योगदान देते पूर्व छात्र।

### पूर्व छात्र मिलन में यादों का संगम

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल में आयोजित पूर्व छात्र मिलन समारोह भावनाओं, स्मृतियों और आपसी जुड़ाव का अनूठा संगम बन गया। अनन्त एल्यूमिनी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने पुराने दिनों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वर्ष 1973 के पूर्व छात्र एवं गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के पूर्व कार्यवाहक कुलपति डॉ. एम. एस. तुरान उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. उषा तुराण भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान की मजबूत नींव होते हैं और उनके अनुभव व सहयोग से संस्थान निरंतर प्रगति करता है। उन्होंने पूर्व छात्रों से महाविद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## भाषण प्रतियोगिता में करीना रही प्रथम

- शहीदी दिवस पर करवाई जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

राजकीय आईटीआई कैथल में चलाई जा रही राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के छात्रों का का एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगाया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता शमशेर सिंह मलिक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा की गई जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र गिल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई महिला कैथल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सुरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे देश के सैकड़ो वीर शहीदों की शहादत की बदौलत आज हम एक आजाद राष्ट्र के रूप में विकसित भारत का सपना संजोए हुए हैं और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा भी भारत सरकार वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व में स्थापित होने का संकल्प लिए हुए है। आज शहीदी दिवस के अवसर पर हमें वीर शहीदों को केवल पुष्प अर्पित न करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पित व कृतज्ञ होकर एक श्रेष्ठ नागरिक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए।

## भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा, शहर में दिखा भक्ति का उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



**सीवन।** सीवन में आयोजित कलश यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु।

प्रसिद्ध राजहंस बाबा नागाजी योग आश्रम में बुधवार से आरंभ होने वाली श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन को लेकर शहर में दिनभर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। कलश यात्रा की शुरुआत आश्रम परिसर में विधि-विधान से पूजन के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरे। यात्रा में महिलाएं, युवक-युवतियां और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। भजन-कीर्तन की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। "जय श्रीराम" और "हरे कृष्ण" के जयकारों से शहर गुंजायमान रहा। यात्रा नगर भ्रमण के बाद पुनः आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। आयोजन से जुड़े रमेश शास्त्री ने बताया कि कथा का शुभारंभ 24 मार्च से होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### श्री राम चरितमानस मोतियों की माला की तरह

पूंडरी। श्री पूंडरीक तीर्थ एवं मन्दिर सुधार सभा द्वारा नाग ह्रदय कुण्ड पूंडरी में पुण्डरीक तीर्थ वार्षिक मेला महोत्सव के उपलक्ष्य में पूंडरी के शरू हुई 8 दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा के छठे दिन सैंकड़ों महिलाओं सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। श्री रामकथा कथा वाचक आचार्य संतोष त्रिपाठी जी महाराज प्रवचन करते हुए कहा कि श्री राम चरितमानस एक मोतियों की माला की तरह है और प्रत्येक कांड एक एक मनके का काम करता है, प्रत्येक कांड के पीछे कोई न कोई आध्यात्मिक रहस्य निहित है, जिसको हम अपनी अल्प बुद्धि के माध्यम से नहीं समझ सकते। आगे उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम की दिव्य लीलाओं का तत्समय प्रयोजन तो था ही आज वर्षोपरांत भी हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत है, जिससे हमारे जीवन का मार्ग दर्शक हो सके अतएव श्रीराम जी के जीवन की लीलाएं हमारे लिए खास महत्व इसलिए भी रखती हैं क्योंकि उनसे हमारी संस्कृति और लोक व्यवहार जुड़ा हुआ है।



**पूंडरी।** कथा के दौरान प्रवचन करते हुए कथा वाचक संतोष जी महाराज।

**न्यूज डायरी**

### 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का 100 दिवसीय कार्यक्रम शुरू

**कैथल।** विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर नागरिक अस्पताल कैथल में सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिले को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया और 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने 'निक्षय वाहन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने और संदिग्ध मरीजों की जांच सुनिश्चित करेगा।

### गोशाला में पशु चिकित्सकों की टीम ने किया निरीक्षण

**सीवन।** सीवन की गोशाला सेवा समिति द्वारा संचालित गोशाला में पशुपालन विभाग की टीम ने निरीक्षण कर गायों के स्वास्थ्य का जायजा लिया। इस दौरान सरकारी पशु अस्पताल के मुख्य पशु चिकित्सक डॉ. मनदीप कुमार के नेतृत्व में बीमार पशुओं का उपचार किया गया। टीम में वीएलडीए राहुल व अन्य स्टाफ सदस्य भी शामिल रहे, जिन्होंने गौशाला में मौजूद गायों की स्थिति की जांच की और आवश्यक दवाइयां दी। चिकित्सकों ने गायों के खान-पान और देखभाल से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

### अस्पताल में किया टीबी रोकने के बारे में जागरूक

**कलायत।** कलायत के नागरिक उपमंडल अस्पताल में विश्व टीबी दिवस अवसर पर टीबी जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। यह गतिविधि इस वर्ष की थीम टीबी को रोकने में जन भागीदारी के तहत हुई। इस दौरान डॉ. राजकुमार, डॉ हिमांशु एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ भावना, सीएचओ अभिषेक, एसटीएस नरेश और राजीव उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित मरीजों एवं आमजन को क्षय रोग के लक्षण, संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, समय पर जांच कराने और पूरा उपचार लेने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### पोस्टरों में दिखा जागरूकता का संदेश

**ढांड।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, ढांड में क्षयरोग विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं की रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता का सुंदर संगम देखने को मिला। प्राचार्या डॉ. संगीता शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना और समाज में जागरूकता फैलाना रहा। रेड रिबन क्लब एवं होम साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से क्षयरोग के लक्षण, बचाव और उपचार का संदेश सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

### युद्ध पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**कैथल।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत शैक्षणिक संस्थान में आज "ईरान एवं अन्य देशों के मध्य युद्ध" विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने युद्ध के पक्ष एवं विपक्ष दोनों में अपने तर्क प्रस्तुत किए। कुछ विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से युद्ध को आवश्यक बताया, वहीं अन्य विद्यार्थियों ने इसे मानवता के लिए विनाशकारी बताते हुए शांति एवं संवाद को सर्वोत्तम समाधान बताया।

## गांव-गांव में बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम

# विधायक ने 1.14 करोड़ से अधिक के कार्यों का किया उद्घाटन

*क्षेत्रवासियों में दिखी खुशी की लहर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक सतपाल जाम्बा।

पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आज विकास को नई दिशा देते हुए विधायक सतपाल जाम्बा ने 1 करोड़ 14 लाख से अधिक की लागत से अनेक जनहितकारी परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन कार्यों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और आमजन के जीवन स्तर में सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव टयोंठा में पार्क निर्माण एवं वाल्मीकि श्मशान घाट में शेड निर्माण कार्य (16.5 लाख), गांव रसीना में महिला मंडल के लिए हॉल निर्माण कार्य (25 लाख), रसीना में पार्क का शिलान्यास एवं बाईपास का उद्घाटन (37.78 लाख), गांव सांच में पार्क तथा परशुराम भवन में टॉयलेट, बाथरूम व शेड निर्माण कार्य (17.5 लाख) तथा गांव हाबड़ी में पार्क एवं कश्यप चौपाल निर्माण कार्य (17.5 लाख) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोगों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

### जनसेवा ही हमारा संकल्प

विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा-"जनसेवा ही हमारा संकल्प है और विकास ही हमारी पहचान। हमारा प्रयास है कि पुंडरी क्षेत्र का हर गांव बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित हो। पार्क, सामुदायिक भवन और अन्य सुविधाएं गांवों के सामाजिक जीवन को मजबूत बनाती हैं और लोगों को बेहतर वातावरण प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने यह भी कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। क्षेत्रवासियों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लगातार हो रहे विकास कार्यों से पुंडरी विधानसभा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी तरह विकास कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है।

### रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस में रोजगार की अपार संभावनाएं

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के भूगोल विभाग द्वारा "रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस के क्षेत्र में भूगोल विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्काईलाइन इंस्टिट्यूट ऑफ जियो-इन्फॉर्मेटिक्स, रोहतक के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्काईलाइन इंस्टिट्यूट ऑफ जियो-इन्फॉर्मेटिक्स, रोहतक के वरिष्ठ शैक्षणिक अधिकारी अजय ने विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित होकर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं जानकारीपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस के क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक रोजगार संभावनाओं, उनके व्यावहारिक उपयोग तथा भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति की मासिक बैठक आज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का हुआ आयोजन 25 मार्च को प्रातः 10 बजे होगा। डीआरडीए के सभागार में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कर निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले 10 लोगों के काटे चालान

**जींद।** सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली एवं जिला नोडल अधिकारी डा. संकल्प डोडा के मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर डीएमईओ रवि द्वारा नागरिक अस्पताल तथा इसके आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध कोटपा अधिनियम, 2003 की धारा 4 के तहत कुल 10 चालान किए गए। चालान से प्राप्त राशि नियमानुसार सरकारी खाते में जमा कराई गई। इस दौरान टीम द्वारा आम जनता तथा जिन व्यक्तियों के चालान किए गए। उन्हें तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

### एटीएम बदलकर ठगी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** एटीएम बदलकर ठगी करने का मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव राजथल जिला हांसी निवासी प्रदीप कुमार उर्फ बोना को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव जुलानी खेड़ा निवासी होशियार सिंह की शिकायत अनुसार वह 9 मार्च को दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच कलायत में पैसे निकालने के लिए एटीएम गया था। पहले वह एसबीआई के एटीएम पर गया, लेकिन वहां पैसे निकालने में उसे दिक्कत आई। इसके बाद वह पास ही स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में चला गया। वहां पहले से मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड ले लिया।

### बंधुआ मजदूरी चौकसी समिति हुई बैठक

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में बंधुआ मजदूरी चौकसी समिति की बैठक मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी संचालक तथा समिति के नामित सदस्यों ने भाग लेकर श्रमिकों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। एसडीएम जगदीश चंद्र ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग और संस्थान श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि भट्ठों एवं अन्य संस्थानों में कार्यरत मजदूरों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दी।

### 31 को रात 12 बजे तक खुले रहेंगे ट्रेजरी बैंक

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन को जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के दृष्टिगत 31 मार्च 2026 को जिले के सभी खजाना, उप खजाना एवं संबंधित ट्रेजरी बैंक देर रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। यह निर्णय हरियाणा सरकार के खजाना एवं लेखा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है ताकि सभी सरकारी लेन-देन समय पर पूरे किए जा सकें। डीसी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने अधीन खजाना कार्यालयों व बैंकों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि लंबित भुगतानों, बिलों एवं अन्य वित्तीय कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना प्राथमिकता रहे।

## मरीजों की उमड़ी भीड़, दो बजे तक 2321 की हुई ओपीडी

# तीन दिन की छुट्टी के बाद खुला नागरिक अस्पताल

*मरीजों में पहले ओपीडी स्लिप, फिर जांच, लैब टेस्ट के लिए रही मारामारी*

*पीएमओ ने व्यवस्था बनाने के लिए किया अस्पताल का दौरा*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

पिछले तीन दिनों की छुट्टी के बाद मंगलवार खुले नागरिक अस्पताल में मरीजों को उपचार के लिए काफी मशक्त करनी पड़ी। पूरे दिन की ओपीडी दो बजे तक ही 2331 तक पहुंच गई। ऐसे में स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल में एकसाथ काफी संख्या में मरीज पहुंचने के कारण किस कदर अव्यवस्था का माहौल रहा। पीएमओ ने खुद अस्पताल का दौरा कर पूरी व्यवस्था को संभाला और चिकित्सकों को दिशा-निर्देश दिए। ओपीडी के बाहर दो बजे तक मरीजों की लाइन लगी रही। इससे मरीजों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ा।

### आठ बजे से पहले ही लग गई अस्पताल के बाहर लाइन

नागरिक अस्पताल प्रतिदिन सुबह नौ बजे खुलता है। सुबह आठ बजे से पहले ही यहां मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। पहले तो रजिस्ट्रेशन खिड़की पर मरीजों को ओपीडी स्लिप के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर भी मरीजों की लाइन लगी रही। मरीज चिकित्सक को दिखाने के बाद लैब में जांच करवाने पहुंचे और रिपोर्ट आने के बाद फिर से ओपीडी में पहुंचे। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण काफी समय लग रहा था। चिकित्सकों को भी अधिक मरीज देखने पड़े।



जींद। दवा लेने के लिए लगी लाइन। *फोटो: हरिभूमि*

### दवा लेने में ही मरीजों को लग गए घंटों

दवा खिड़की पर सबसे ज्यादा लोगों को परेशानी हुई। यहां दवा लेने में ही लोगों को आधा-आधा घंटा लग गया। ओपीडी, दवा वितरण कक्ष और इंजेक्शन कक्ष के बाहर भी मरीज लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते देखे।

### चिकित्सकों ने सभी मरीजों का इलाज करने के बाद ही ओपीडी छोड़ी : पीएमओ

नागरिक अस्पताल के पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि तीन दिन छुट्टी के बाद अस्पताल खुलने से मरीजों की संख्या कुछ बढ़ जाती है। किसी भी मरीज को कोई परेशानी नही आने दी गई है। सभी मरीजों का इलाज किया गया था। चिकित्सकों को सभी मरीजों का इलाज करने के बाद ही ओपीडी छोडने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि सोमवार को हैबतपुर मेडिकल कालेज में भी ओपीडी की व्यवस्था की गई थी।



जींद। ओपीडी स्लिप के लिए लगी लाइन व चिकित्सक के कमरों के बाहर लगी लाइन।



### दो बजे तक ही 2331 पहुंची ओपीडी

तीन बजे ओपीडी की छुट्टी हो जाती है लेकिन इसके बाद भी चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार किया। औसतन अस्पताल में 1800 के आसपास रहती है। यदि छुट्टी हो जाए तो मरीजों की संख्या अस्पताल खुलते ही बढ़ जाती है। ऐसे में शनिवार से सोमवार को छुट्टी होने से तीसरे दिन मंगलवार को अस्पताल में काफी मरीज पहुंचे थे। दो बजे तक ही 2331 मरीज अपनी ओपीडी करवा चुके थे। सबसे ज्यादा भीड़ जनरल मेडिसन, सर्जरी, गायनी मानसिक रोग विशेषज्ञ के बाहर थी। उपचार के लिए आई कमला ने बताया कि उसकी टांग में दर्द था, ओर्थो को दिखाना था। उसका नंबर डेढ घंटे के बाद आया है। वहीं सुरेश ने बताया कि फिजिशियन की ओपीडी स्लिप कटवाई थी। एक घंटे बाद उसे डॉक्टर से मिलना हुआ।

**यह रही ओपीडी की संख्या**

| | |
|---|---|
| जनरल मेडिसिन | 439 |
| ओर्थोपेडिक्स | 231 |
| सर्जरी | 166 |
| होम्योपैथिक | 83 |
| आयुर्वेद | 65 |
| ओप्टोमोलोजी | 213 |
| साइकेटरी | 151 |
| पीडिया | 146 |
| फिजियोथैरेपी | 03 |
| डाइटिशियन | 14 |
| ईएनटी | 102 |
| गायनी | 275 |
| न्यूरोमोलॉजी | 28 |

## चावल की सौदेबाजी कर व्यापारी के एक करोड़ दो लाख हड़पे

- सात लोगों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला
- चावल न भेजने तथा रुपये वापस लौटाने से मना करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

चावल की सौदेबाजी कर एक करोड़ दो लाख रुपये हडपने पर शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मां एग्रो फूड फर्म के मालिक अरूण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी फर्म गेहूं चावल का व्यापार करती है। नरवाना में उनका आना-जाना लगा रहता है। नरवाना निवासी रोहित गोयल के कुछ रिश्तेदार भी नरवाना में रहते हैं। नरवाना के मोहित ने रोहित से मुलाकात करवाई। जिसने व्यापार करने का आश्वासन दिया। अप्रैल 2024 मे रोहित ने कुछ सौदे किए और कुछ हद तक निभाया भी। बाद में उसे पता चला कि रोहित ने कुछ व्यापारियों तथा हैफेड के साथ भी धोखाधड़ी की है। जिसका मामला दर्ज है। सितंबर 2024 में रोहित ने उसे चीका कार्यालय में बुलाया। जहां पर उसका भाई, स्टाफ मौजूद था। आरोपित रोहित ने पांच हजार क्विंटल चावल ठीक रेट में सौदा करवाने की बात कही। जिसके झांसे में आकर उसने एक करोड़ दो लाख रुपये की आरटीजीएस आरोपितों की फर्म मे करवा दी। जिसके बाद आरोपित ने न तो चावल भेजे और न ही उसके रुपये वापस लौटाए। जब उसने माल या रुपये के लिए दबाव बनाया तो आरोपित झगड़े पर उतर आए और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना नरवाना पुलिस ने व्यापारी मोहित की शिकायत पर रोहित, मोहित, अनूप, संदीप, रामरत्न, अमनदीप, सुखदेव के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना नरवाना प्रभारी आत्मा राम ने बताया कि चावल खरीद को लेकर धोखाधड़ी की शिकायत मिली थी। फिलहाल सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### पोली हाउस लगवा कर हड़पे 93.96 लाख

*जींद। खेत में पोली हाउस लगवा 93 लाख 96 हजार 643 रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करनाल निवासी गिरीश सहगल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी फर्म ने जींद में देवीलाल नगर में अपना कार्यालय बनाया हुआ है। उनकी फर्म पश्चिमी हरियाणा में पोली हाउस लगाने का कार्य जींद कार्यालय से करती है। गांव दौलत जिला फतेहबाद निवासी राजबीर इच्छुक किसानों से बातचीत करता है। राजबीर ने गांव आशाखेड़ा सिरसा निवासी संजय, संदीप, राजू तथा मनीराम से जींद कार्यालय में पोली हाउस लगवाने को लेकर बातचीत की। आरोपितों ने कुछ पैमेंट दे दी। बकाया राशि सरकारी सब्सिडी मिलने के बाद देने का आश्वासन दिया। आरोपितों ने सिक्योरटी के नाम पर फर्म को चैक दिए थे। फर्म ने चारों आरोपितों के खेतों में पोली हाउस लगवा दिए। जिसके बाद आरोपितों की तरफ 93 लाख 96 हजार 643 हजार रुपये बकाया रह गए।*

## परिजनों को दी 11 लाख की मदद

- सहयोग सीधे परिवार के खाते में ऑनलाइन माध्यम से भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा में शिक्षकों के सामूहिक सहयोग की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए टीचर सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। टीम द्वारा दूसरे सहयोग के अंतर्गत जींद जिले के दिवंगत अध्यापक देवेंद्र कुमार के परिवार को 11 लाख 44 हजार रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहयोग सीधे परिवार के खाते में ऑनलाइन माध्यम से भेजा गया। जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों सुनिश्चित हुए। इससे पहले भी टीम ने अपने पहले सहयोग में गोहाना के अध्यापक अशोक कुमार के परिवार को 10 लाख 50 हजार रुपये की सहायता देकर समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित किया था।



जींद। मृतक अध्यापक देवेंद्र परिवार को आर्थिक सहायता देने के लिए आए अध्यापक।

### प्रत्येक सदस्य ने दिया 400 रुपये का योगदान

इस बार टीम के प्रत्येक सदस्य ने 400 रुपये का योगदान दिया। जिसके माध्यम से यह बड़ी राशि एकत्रित की गई। टीएससीटी के प्रधान अशोक आर्य ने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता नही बल्कि एक भावनात्मक संबल भी है। टीम के प्रदेश संरक्षक ने बताया कि टीएससीटी के पंजीकृत सदस्य के निधन पर सभी सदस्य स्वेच्छा से सहयोग राशि सीधे परिवार के खाते में जमा कराते हैं। जिला संयोजक अजीतपाल ने बताया की जिला जींद से 580 पंजीकृत सदस्यों में से 440 सदस्यों ने इस सहयोग मे अपनी आहुति डाली।

## भाजपा सरकार के लिए लोगों के हित सर्वोपरि : बड़ौली

- चार अप्रैल को सफीदों में होगी मुख्यमंत्री की विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पिल्लूखेड़ा मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सफीदो विधानसभा में चार अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विशाल रैली होगी। इस रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे और क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण सौगातें भी देंगे। बड़ौली ने कहा कि यह रैली इलाके के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी खुलकर चर्चा की। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली सफीदो हलके में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमो में भी शामिल हुए। बड़ौली ने कहा कि चार अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली इस क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रैली साबित होगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से रैली में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, वरिष्ठ बीजेपी नेता विजयपाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राजबीर सिंह रोहिला, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार कटारिया भी मौजूद रहे।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली।

### सुरक्षा प्राथमिकता

मोहन लाल बड़ौली ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितयों और खाड़ी देशों में बनी युद्ध जैसी स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि इस वैश्विक संकट के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में गैस सुचारू रूप से उपभोक्ताओं को मिल रही है। पीएम मोदी ने संसद में देशवासियों खासकर किसानों को भी आश्वस्त किया है कि किसी भी तरह की परेशानियां नहीं आने दी जाएगी। मोदी सरकार वैश्विक शांति और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हरियाणा के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



## पानी की टंकी तोड़ने पर रेलवे रोड पर दुकानदारों ने लगाया जाम

- पुलिस ने नप अधिकारियों से बात कर खुलवाया जाम

**नरवाना।** रेलवे रोड हुड्डा मार्केट के पास रविवार देर रात को नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण बताते हुए पीने के पानी की टंकी तोड़ दी गई। जिसके विरोध स्वरूप सोमवार को स्थानीय दुकानदारों ने रेलवे रोड को जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदारों को समझा कर शांत किया और जाम खुलवाया। नगर परिषद ने हुड्डा मार्केट के पास रविवार रात एक पानी की टंकी जोकि काफी वर्षों से बनी हुई थी, उसको अतिक्रमण कह कर तोड़ दिया। सोमवार सुबह जब दुकानदारों को पता चला तो उन्होंने विरोध स्वरूप पूरी मार्केट ने रोड को बंद कर दिया। जाम लगने की सूचना मिलने पर सिटी थाना प्रभारी आत्माराम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए नगर परिषद अधिकारियों से बातचीत की तो पता चला कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। फिलहाल पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है।

## सरकार के खिलाफ कर्मियों का प्रदर्शन

- कार्यालय के बाहर किया रोष प्रदर्शन, लगाए काले बिल्ले

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

ई खरीद पोर्टल और मेरी फसल, मेरा ब्योरा पार्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में खामियों तथा कर्मियों की गिरफ्तारी के विरोध मे मंगलवार का मार्केट कमेटी कर्मियों ने रोष प्रदर्शन किया और काले बिल्ले लगा कर कार्य किया। इस दौरान कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। खरीद प्रक्रिया में मार्केट कमेटी कर्मियों के सीधा मुकदमा दर्ज करने तथा गिरफ्तारी के विरोध में कर्मचारी कमेटी कार्यालय के बाहर एकजुट हुए। मार्केट सचिव संजीव कुमार ने बताया कि सरकार ने तुगलकी फरमान कर खरीद प्रक्रिया में दिक्कत होने पर मार्केट कमेटी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिसमें सीधी गिरफ्तारी की बात कही गई है। जो सरासर गलत है। किसान में रजिस्ट्रेशन करवाया हुआ है तो मार्केट कमेटी गेट पास काटने से मना नही कर सकती।



जींद। मांगों को लेकर रोष जताते हुए मार्केट कमेटी कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

### सरकार पोर्टल की खामियों को करें दूर

पहले सरकार पोर्टल की खामियों को दूर करे। पुलिस कार्रवाई से पहले विभागीय जांच करवाई जाए। अगर कर्मी दोषी मिलता है तो फिर कार्रवाई की जाए। मार्केट कमेटी के पास स्टाफ की कमी है। फिर भी फिल्ड में बिना टाइम देखे जीजान से जुटे रहते हैं। संसाधनों की कमी के बाद भी टारगेट को पूरा करते हैं। फिर भी कर्मियों के खिलाफ बिना नियमों की पालना किए कार्यवाही की जाती है।



कैथल। ग्रेजुएशन समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

## ग्रेजुएशन समारोह में दर्शन अकादमी के विद्यार्थियों ने जमाया रंग

**कैथल।** दर्शन अकादमी में 24 मार्च को ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने अपने शैक्षिक जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अश्विनी बत्रा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डे ने की। इस अवसर पर एलएमसी के सदस्यगण भी उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप से मैनेजर आरएल गंभीर शामिल रहे। समारोह में नन्हें मुन्हें द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इसके उपरांत विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने कहा कि ग्रेजुएशन समारोह बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

## अवैध एमटीपी किट व लिंग जांच पर नकेल के लिए चार सदस्यीय विशेष कमेटी गठित

# लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए जागरूकता के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी जरूरी: अपराजिता

*हर महीने किया जाएगा अल्ट्रासाउंड केंद्रों व दवा विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने जिले में लिंगानुपात में सुधार लाने और भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या पर अंकुश लगाने के लिए केवल जागरूकता अभियान पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सख्त कार्रवाई भी जरूरी है। इसलिए एक विशेष चार सदस्यीय कमेटी का गठित की जाए, जो अगले छह महीनों तक मासिक आधार पर विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं एमटीपी बिक्री केंद्रों, दवा विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण करेंगी। खामियां मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कमेटी में सिविल सर्जन, डीएसपी, महिला एवं बाल विकास से जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला ड्रग कंट्रोलर शामिल रहेंगे। डीसीलघु सचिवालय में डिस्ट्रिक्ट स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थीं। उन्होंने लिंगानुपात के आंकड़ों में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। जिसको देखते हुए निगरानी और सख्ती दोनों बढ़ाने की जरूरत है। जिले के लिंगानुपात को राज्य औसत से ऊपर ले जाना है। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए डिकॉय ऑपरेशन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### गर्भवती महिलाओं पर रखें विशेष नजर

डीसी अपराजिता ने कहा कि इस अभियान में आशा वर्कर और एएनएम की विशेष भूमिका अहम है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि वे उन गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखें, जिनके पहले से बेटियां हैं और जो 12 सप्ताह के बाद गर्भपात करवाने की प्रक्रिया में हैं। सही सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख तक का इनाम देने और उनकी पहचान गुप्त रखने का आश्वासन दिया। जिला ड्रग कंट्रोलर ने बताया कि हरियाणा में एमटीपी किट की खुली बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है और यह केवल अधिकृत केंद्रों पर विशेषज्ञों की देखरेख में ही उपलब्ध है। बैठक में यह भी सामने आया कि कुछ लोग पड़ोसी राज्यों में जाकर अवैध रूप से किट लाते हैं। इस अवसर पर डीएसपी सुशील प्रकाश, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीडीपीओ रितु लाठर, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता, सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, डिप्टी सिविल सर्जन डा. सचिन मांडले, जिला ड्रग कंट्रोलर डा चेतन वर्मा, डा. नवराज आदि मौजूद रहे।

### सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण 29 को

**कैथल।** जाट शिक्षण संस्थान में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा निर्मित (उत्तर प्रदेश) की सबसे बड़ी महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम 29 मार्च को सुबह 10:00 बजे होगा। इस कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए जाट अंतरराष्ट्रीय संसद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज चहल कोटड़ा , हरियाणा के अध्यक्ष सुरेश सिरोही, तेजी ढांडा , जयवीर ढांडा,अमृत मानस पहुंचे और इस निमंत्रण को जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व कार्यकारी सदस्य जसवीर मानस ने स्वीकार किया। अनावरण कार्यक्रम में सभी जाट समाज से पहुंचने का आह्वान किया।